# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

**कक्षा–XI** **विषयः समाजशास्त्र** **कोडः 585**

**MARKING SCHEME**

**वर्ष 2024 – 2025**

**सामान्य निर्देश : -**

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ट बनाना है। अंक योजना में दिए गए उत्तर अंतिम नहीं है । ये सुझावात्मक एवम् सांकेतिक है। यदि परीक्षार्थी ने इनसे अलग या भिन्न, परन्तु सही या उपयुक्त उत्तर दिया है, तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।

   **The objective of the marking scheme is to make evaluation as objective as possible. The answers given in the marking scheme are not final. This is suggestive and symbolic. If the candidate answer differ than given answer but it is correct and appropriate, marks should be awarded to student.**

2. सही, शुद्ध, सार्थक व सटीक उत्तरों को यथायोग्य अधिमान दिए जाएँ।

   **Correct, righteous, meaningful and accurate answers should be given due weightage.**

3. परीक्षार्थी द्वारा अपेक्षा के अनुरूप सही उत्तर लिखने पर उसे पूर्णांक दिए जाएँ।

   **Full marks should be given to the candidate for writing the correct answer as expected.**

4. वर्तनीगत अशुद्धियों एवम् विषयांतर की स्थिति में अधिक अंक देकर परीक्षार्थी को प्रोत्साहित ना करें।

   **Do not encourage the candidate by giving more marks in case of spelling mistakes and digression.**

5. बहु-वैकल्पिक प्रश्न – यदि परीक्षार्थी ने दो प्रयास किये गए है तथा दोनों में से एक सही तथा एक गलत है तो सही वाले प्रयास को सही उत्तर मानते हुए अंक दिए जाएं, और यदि किसी भी उत्तर को काटा नहीं गया है या दोनों उत्तरों को काटा गया है तो भी सही उत्तर को ध्यान में रखते हुए अंक दिए जाएं।

   **Multiple-choice questions – If the candidate has made two attempts and one of them is correct and one is wrong, then marks will be awarded considering the correct option as the right answer, and if no answer has been struck off or even both if the answers have been crossed out, marks should be awarded keeping in view the correct answer.**

6. समस्त मुख्य-परीक्षकों / उप-परीक्षकों को निर्देश दिया जाता है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूर्णतया गलत पाया जाता है तो गलत उत्तर को (x) अंकित कर '0' अंक प्रदान किये जाएं।



Downloaded from www.cclchapter.com

All the Chief-Examiners/Sub-Examiners are instructed that while evaluating the answer sheets, if the answer is found completely wrong, then the wrong answer should be marked (x) and given '0' marks.

7. लघुउत्तरात्मक प्रश्नों में जिनमे दो विशेषताएं, बिंदु पूछे गये है यदि परीक्षार्थी ने दोनों बिंदु सही लिखे है, या पांच बिंदु लिखे है जिनमें से कोई भी दो सही हो तो भी दो सही व उचित उत्तरों को सही मानते हुए अंक दिए जाएं।

**In short answer type questions in which two points are asked, if the examinee has written both the points correctly, or has written five points out of which any two are correct, even then marks should be given considering two correct and appropriate answers as correct.**

8. भागवार तथा अंकवार बांटे गए प्रश्न के उत्तर का मूल्यांकन भी भागवार तथा अंकवार ही किया जाना चाहिए, जितना भाग परीक्षार्थी ने सही उत्तर दिया है, उस भाग हेतु निर्धारित पूर्ण अंक प्रदान किये जाएं। वर्णात्मक प्रश्नों के उत्तर जांच करते समय परीक्षक अपने विवेकानुसार अंकन कर सकता है परन्तु परीक्षार्थी को सकारात्मक अंकन किया जाएं।

**The answer to the question paper distributed part-wise and number-wise should also be evaluated part-wise and number-wise, full marks should be awarded for that part for which the candidate has given the correct answer. While checking the answers to the descriptive type questions, the examiner can mark according to his discretion, but the candidate should be given positive marking.**

9. भाषा-क्षमता एवं अभिव्यक्ति- कौशल पर ध्यान दिया जाएं।

**Attention should be paid to language-ability and expression-skills.**

10. मुख्य-परीक्षकों / उप-परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए केवल सामान्य निर्देश/ मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है, यदि मूल्यांकन निर्देश में किसी प्रकार की त्रुटि हो, उत्तर स्पष्ट ना हो, उत्तर निर्देश में दिए गए उत्तर से अलग हो तो परीक्षक, मुख्य परीक्षक से विचार- विमर्श करके उस प्रश्न का मूल्यांकन अपने विवेक अनुसार करें।

**Only general instructions/guidance is being provided to the Chief-Examiners/Sub-Examiners to evaluate the answer sheets or if there is any error in the evaluation instructions or the answer is not clear or any other occurs, the examiner, after discussing with the chief examiner, evaluates that question according to his discretion.**

11. प्रश्न पत्र में कुल **38** प्रश्न है। प्रश्न पत्र कुल चार भागों में विभक्त है।

**There are total 38 questions in the question paper. The question paper is divided into total four parts.**

12. भाग 1 में क्रम संख्या 01 व 20 तक के प्रश्न शामिल है, दोनों प्रश्न 1-1 अंक के है।

**Section A consists of questions up to serial number 01 and 20, each questions is carrying 1 mark .**



Downloaded from www.cclchapter.com

**13.** भाग 2 में क्रम संख्या 21 से 29 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 2-2 अंक के है सभी प्रश्न अति लघुउत्तरात्मक है, उत्तर अधिकतम 30 शब्दों से अधिक ना हो ।

**Section B consists of questions from serial number 21 to 29, all questions are of 2 marks each, all questions are very short answer type, answer should not exceed the maximum limit 30 words.**

**14.** भाग 3 में क्रम संख्या 30 से 35 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 4-4 अंक के है सभी प्रश्न लघुउत्तरात्मक है, उत्तर अधिकतम 80 शब्दों से अधिक ना हो ।

**Section C includes questions from serial number 30 to 35, all questions are of 4 marks each, all questions are short answer type, answer should not exceed limit maximum 80 words.**

**15.** भाग 4 में क्रम संख्या 36 से 38 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 6 -6 अंक के है सभी प्रश्न दीर्घ उत्तरात्मक है, उत्तर अधिकतम 200 शब्दों से अधिक ना हो, प्रश्न सं. 36 का उत्तर गद्यांश की सहायता से दिया जाना है ।

**Section D consists of questions from serial number 36 to 38, all questions carry 6 marks each, all questions are long answer type, answer should not exceed limit 200 words, question no. 36 is to be answered with the help of the passage.**

| **प्रश्न सं.** | **प्रश्न** | **अंक** |
|---|---|---|
| | **भाग – 1**<br>**Section - A** | |
| 1 | समाजशास्त्र के जनक आगस्त कोंत का जीवनकाल है ?<br>(अ) 1789 - 1857<br>(ब) 1757 - 1889<br>(स) 1857 - 1979<br>(द) 1785 - 1855<br>What is the lifespan of August Comte, the father of sociology?<br>(a) 1789 - 1857<br>(b) 1757 - 1889<br>(c) 1857 - 1979<br>(d) 1785 - 1855 | 1 |
| उत्तर | (अ) **1789 - 1857**<br>(a) **1789 – 1857** | |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 2 | औधोगिक क्रांति का केंद्र कोनसा देश था ?<br>(अ) भारत<br>(ब) इंग्लैंड<br>(स) फ्रांस<br>(द) अमेरिका<br>Which country was the centre of the Industrial Revolution?<br>(a) India<br>(b) England<br>(c) France<br>(d) America | 1 |
| उत्तर | **(ब) इंग्लैंड**<br>**(b) England** | |
| 3 | 1948 में रामपुरा गाँव का अध्ययन किसके द्वारा किया गया ?<br>(अ) डी. पी. मुखर्जी<br>(ब) दुर्खीम<br>(स) चार्ल्स कूले<br>(द) एम.एन. श्रीनिवास<br>Who studied Rampura village in 1948?<br>(a) D.P. Mukherjee<br>(b) Durkheim<br>(c) Charles Cooley<br>(d) M.N. Srinivas | 1 |
| उत्तर | **(द) एम.एन. श्रीनिवास**<br>**(d) M.N. Srinivas** | |
| 4 | खासी एक ........................... है ?<br>Khasi is a......................  ? | 1 |
| उत्तर | **जनजाति**<br>**Tribe** | |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 5 | शक्ति का वैध स्वरुप क्या है ?<br>(अ) राजनितिक दल<br>(ब) सत्ता<br>(स) मातृसत्तात्मक परिवार<br>(द) सम्प्रभुता<br>What is the legitimate form of power?<br>(a) political party<br>(b) power<br>(c) Matriarchal family<br>(d) sovereignty | 1 |
| उत्तर | **(ब) सत्ता**<br>**(b) power** | |
| 6 | परिवार की वह संरचना जिसमे अधिकार और प्रभुत्व .................. के पास हो पितृसत्ता कहलाती है ?<br>That structure of the family in which authority and dominance rests with........... is called patriarchy ? | 1 |
| उत्तर | **पुरुष**<br>**Male** | |
| 7 | शिक्षा का प्रकार निम्न में से है ?<br>(अ) औपचारिक<br>(ब) अनौपचारिक<br>(स) राजनीतिक<br>(द) अ व ब दोनों<br>Which of the following is the type of education?<br>(a) formal<br>(b) informal<br>(c) political<br>(d) Both A and B | 1 |
| उत्तर | **(द) अ व ब दोनों**<br>**(d) Both A and B** | |


Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 8 | कथन को ठीक करें ?<br>बहुविवाह व्यक्ति को एक समय में एक पति या पत्नी को प्रतिबंधित करता है<br>Correct the statement?<br>Polygamy restricts a person to one spouse at a time. | 1 |
| उत्तर | **बहुविवाह व्यक्ति को एक समय में एक पति या पत्नी को प्रतिबंधित नहीं करता है**<br>Polygamy does not restrict a person to one spouse at a time. | |
| 9 | अभौतिक संस्कृति का उदाहरण निम्न में से नहीं है ?<br>(अ) विचार<br>(ब) भावनाएं<br>(स) धर्म<br>(द) किताब<br>Which of the following is not an example of non-material culture?<br>(a) thought<br>(b) emotions<br>(c) religion<br>(d) book | 1 |
| उत्तर | **(द) किताब**<br>**(d) book** | |
| 10 | कथन को ठीक करें -<br>लघु परम्परा शहरी समाजो में पायी जाती है।<br>Correct the statement -<br>Small tradition is found in urban societies. | 1 |
| उत्तर | **लघु परम्परा ग्रामीण समाजो में पायी जाती है।**<br>**Small traditions are found in rural societies.** | |
| 11 | आबादी के प्रत्येक सदस्य को शामिल करने वाला एक व्यापक सर्वेक्षण .............................. कहलाता है ?<br>A comprehensive survey that includes every member of the population is called......................? | 1 |
| उत्तर | **जनगणना**<br>**census** | |


Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 12 | तथ्य का प्रकार निम्न में से कौनसा है ?<br>(अ) प्राथमिक<br>(ब) तृतीयक<br>(स) दितीयक<br>(द) अ और स<br>Which of the following is the type of Data ?<br>(a) primary<br>(b) tertiary<br>(c) secondary<br>(D) A and C | 1 |
| उत्तर | **(द) अ और स**<br>**(D) A and C** | |
| 13 | वह सामाजिक पद्धति जिसके आधार पर व्यक्तियों और समूहों को उच्च या निम्न प्रस्थिति प्राप्त होती है, कहलाती है ?<br>सामाजिक स्तरीकरण / सामाजिक संरचना<br>The social system on the basis of which individuals and groups get higher or lower status is called ?<br>Social Stratification/Social Structure | 1 |
| उत्तर | **सामाजिक स्तरीकरण**<br>**Social Stratification** | |
| 14 | मार्क्स ने कार्य की प्रकृति, उत्पादन के साधनों से श्रमिकों की उदासीनता को कहा है ?<br>अलगाव / संघर्ष<br>What did Marx call the indifference of workers towards the nature of work and the means of production?<br>Alienation / conflict | 1 |
| उत्तर | **अलगाव**<br>**Alienation** | |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 15 | प्रभु जाति की अवधारणा किसने दी थी ?<br>(अ) रामास्वामी<br>(ब) श्रीनिवास<br>(स) दुर्खिम<br>(द) मार्क्स<br>Who gave the concept of Dominant caste?<br>(a) Ramaswami<br>(b) Srinivas<br>(c) Durkheim<br>(d) Marx | 1 |
| उत्तर | **(ब) श्रीनिवास**<br>**(b) Srinivas** | |
| 16 | 2011 की जनगणनानुसार भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या गांवों में निवास करती है ?<br>(अ) 68.84<br>(ब) 31.6<br>(स) 78.74<br>(द) 36.78<br>According to the 2011 census, what percentage of India's population lives in Rural area ?<br>(a) 68.84<br>(b) 31. 6<br>(c) 78.74<br>(d) 36.78 | 1 |
| उत्तर | **(अ) 68. 84**<br>**(a) 68.84** | |


Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 17 | चिपको आन्दोलन किस राज्य से सम्बन्धित है ?<br>(अ) राजस्थान<br>(ब) हरियाणा<br>(स) उतराखंड<br>(द) गुजरात<br>Chipko movement is related to which state?<br>(a) Rajasthan<br>(b) Haryana<br>(c) Uttarakhand<br>(d) Gujarat | 1 |
| उत्तर | **(स) उतराखंड**<br>**(c) Uttarakhand** | |
| 18 | विज्ञान की वह शाखा जो मानव शरीर को मापकर मानव जाति के प्रकार का अध्ययन करती है, कहलाती है ?<br>The branch of science which studies the type of human race by measuring the human body is called? | 1 |
| उत्तर | **मानव विज्ञान**<br>**Anthropology** | |
| 19 | 'द एलेमेंट्री फॉर्म्स ऑफ़ रिलीजियस लाइफ ' पुस्तक के लेखक कौन है ?<br>(अ) कार्ल मार्क्स<br>(ब) मर्टन<br>(स) मैक्स वेबर<br>(द) दुर्खीम<br>Who is the author of the book 'The Elementary Forms of the Religious Life?<br>(a) Karl Marx<br>(b) Merton<br>(c) Max Weber<br>(d) Durkheim | 1 |
| उत्तर | **(द) दुर्खीम**<br>**(d) Durkheim** | |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 20 | जनजातियो को पिछड़े हिन्दू किसने कहा है ?<br>(अ) जी.एस. घुरिये<br>(ब) ए.आर. देसाई<br>(स) डी.पी. मुकर्जी<br>(द) एम.एन. श्रीनिवास<br>Who called the tribes backward Hindus?<br>(a) G. S. Ghurye<br>(b) A.R. Desai<br>(c) D.P. Mookerjee<br>(d) M.N. Srinivas | 1 |
| उत्तर | **(अ) जी.एस. घुरिये**<br>**(a) G. S. Ghurye** | |
| | **भाग – 2**<br>**Section - B** | |
| 21 | **अनुभवजन्य जाँच क्या है ?**<br>**What is empirical investigation ?** | 2 |
| उत्तर | **सामाजिक अध्ययन के किसी दिए गए क्षेत्र में की जाने वाली तथ्यपरक जाँच अनुभवजन्य जाँच कहलाती है**<br>**Factual investigation conducted in a given area of social study is called empirical investigation.** | |
| 22 | **भूमिका से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण सहित बताईये ।**<br>**What is meant by role? Explain with examples.**<br>**अथवा**<br>**भूमिका संघर्ष क्या है ? उदाहरण सहित बताईये ।**<br>**What is role conflict? Explain with examples.** | 1 + 1 |
| उत्तर | **भूमिका प्रस्थिति का गत्यात्मक पक्ष है जो व्यक्ति को प्रस्थिति के अनुसार निभानी होती है जैसे डॉक्टर एक प्रस्थिति है तथा मरीजों का इलाज करना डॉक्टर की भूमिका है**<br>**Role is the dynamic aspect of status which a person has to perform according to the status, like doctor is a status and treating patients is the role of the doctor.** | 1 + 1 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 23 | इमाइल दुर्खीम के अनुसार धर्म क्या है ?<br><br>**What is religion according to Emile Durkheim?** | 2 |
| उत्तर | इमाइल दुर्खीम के अनुसार " धर्म पवित्र वस्तुओं से संबंधित अनेक विश्वासों अनेक विशवासों और व्यवहारों की एक ऐसी संगठित व्यवस्था है जो व्यक्तियों को एक नैतिक समुदाय की भावना में बाँधती है जो उसी प्रकार विश्वासों और व्यवहारों को अभिव्यक्त करते हैं।"<br><br>**According to Emile Durkheim, "Religion is an organized system of beliefs and practices related to sacred things that binds individuals in a sense of a moral community who express similar beliefs and practices."** | 2 |
| 24 | साक्षात्कार विधि की कोई दो प्रकार लिखिए।<br><br>**Write any two types of interview method.** | 1+1 |
| उत्तर | 1. व्यक्तिगत साक्षात्कार - इस प्रकार के साक्षात्कार में केवल दो व्यक्ति शोधकर्ता और सूचनादाता होते है। इस विधि के द्वारा वास्तविक सूचनाएं सरलता से मिल जाती है।<br>2. सामूहिक साक्षात्कार - इस प्रकार के साक्षात्कार में एक या अधिक साक्षात्कर्ता अनेक सुचनादाताओं में समस्या से जुड़ी सुचना एकत्रित करते है।<br>3. प्रत्यक्ष साक्षात्कार- इस विधि में साक्षातकर्ता और सूचनादाता आमने-सामने प्रत्यक्ष रूप से वार्तालाप करते है।<br>(कोई भी दो प्रकार)<br><br>**1. Personal Interview – In this type of interview only two persons are the researcher and the informant. Through this method real information is easily obtained.**<br>**2. Group interview - In this type of interview, one or more interviewers collect information related to the problem from many informants.**<br>**3. Direct Interview- In this method the interviewer and the informant talk directly face to face.**<br>(any two types) | 1<br><br>1 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 25 | अवलोकन क्या है ? असहभागी अवलोकन के बार में बताईये।<br><br>**What is observation? Explain about non participant observation.**<br><br>अथवा<br><br>अवलोकन क्या है ? अर्द्धसहभागी अवलोकन के बार में बताईये।<br><br>**What is observation? Explain about quasi participant observation.** | 1+1 |
| उत्तर | अवलोकन – एक ऐसी अनुसंधान की विधि जिसमे शोधकर्ता किसी धटना का अध्ययन तथा सूचनाओ का एकत्रीकरण धटना को प्रत्यक्ष रूप से देखकर करता है।<br><br>असहभागी अवलोकन / निरीक्षण<br><br>असहभागी अवलोकन में, अनुसंधानकर्ता समूह या समुदाय का, जिसका की उसे अध्ययन करना है, निरीक्षण एक तटस्थ दृष्टा की भाँति वैज्ञानिक भावना से करता है।<br><br>**Observation – A method of research in which the researcher studies an event and collects information by directly observing the event.**<br><br>**Non-participant observation-**<br>**In non-participant observation, the researcher observes the group or community he has to study in a scientific manner, like a neutral observer.** | 1<br><br>1 |
| 26 | प्रतियोगिता क्या है ।<br><br>**What is Competition ?**<br><br>अथवा<br><br>संघर्ष क्या है ।<br><br>**What is Conflict?** | 2 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | प्रतियोगिता / प्रतिस्पर्धा - यह विश्वव्यापी और स्वभाविक क्रिया है जिसमें व्यक्ति दूसरे को नुकसान पहुँचाए बिना आगे बढ़ना चाहता है। यह व्यक्तिगत प्रगति में सहायता करती है। यह निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है।<br>यह सामाजिक प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत दो या अधिक व्यक्तियों का एक ही वस्तु को प्राप्त करने के लिए किया गया प्रयास है।<br><br>**Competition / Competition - This is a universal and natural action in which a person wants to move forward without harming others. It helps in personal progress. This is a continuous process.**<br>**It is a social process in which two or more people make efforts to achieve the same thing.** | 2 |
| 27 | उद्विकास क्या है ?<br><br>**What is evolution?** | 2 |
| उत्तर | उद्विकास निरन्तर एवं धीमी गति से परिवर्तन की एक प्रक्रिया है - उद्विकास में परिवर्तन निरन्तर होता है, किन्तु यह इतनी धीमी गति से होता है कि परिवर्तन को देख पाना सम्भव नहीं होता ।<br>उद्विकास विभेदीकरण की एक प्रक्रिया है - उद्विकास के दौरान जीव अथवा समाज के विभिन्न अंगों में विभिन्नता पैदा होती है।<br><br>**Evolution is a process of continuous and slow change – In evolution, change occurs continuously, but it occurs so slowly that it is not possible to see the change.**<br>**Evolution is a process of differentiation - during evolution, diversity arises in different parts of an organism or society.** | 2 |
| 28 | नौकरशाही व्यवस्था की कोई दो विशेषताएं बताईये।<br><br>**Mention any two features of bureaucratic system.** | 1+1 |
| उत्तर | 1. अधिकारों के प्रकार्य<br>2. पदों का सोपनिक क्रम<br>3. लिखित दस्तावेजों की प्रमाणिकता<br>4. कार्यालय का प्रबंधन<br>(कोई भी दो)<br><br>**1. Functions of rights**<br>**2. Sequential order of posts**<br>**3. Authenticity of written documents**<br>**4. Office Management**<br>(any two) | 1<br><br>1 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 29 | परम्परा से क्या समझते है ?<br><br>**What do you understand by tradition?** | 2 |
| उत्तर | परम्परा लोगों या समाज के एक समूह के भीतर प्रतीकात्मक अर्थ या अतीत में कोई विशेष महत्व रखने वाले विश्वासों या व्यवहारों को कहते हैं। परम्पराएँ हजारों वर्षों तक बनी और विकसित हो सकती हैं।<br><br>परंपरा उन मान्यताओं या रीति-रिवाजों को भी संदर्भित कर सकती है जो प्रागैतिहासिक हैं, खोई हुई या रहस्यमय उत्पत्ति के साथ, अनादि काल से अस्तित्व में हैं। मूल रूप से बिना किसी लेखन प्रणाली की आवश्यकता के परंपराओं को मौखिक रूप से पारित किया जाता था।<br><br>**Tradition refers to beliefs or behaviors that have symbolic meaning or have a special significance in the past within a group of people or society. Traditions can form and develop over thousands of years.**<br>**Tradition can also refer to beliefs or customs that are prehistoric, with lost or mysterious origins, having existed since time immemorial. Originally traditions were passed down orally without the need for any writing system.** | 2 |
| | भाग – 3<br>**Section - C** | |
| 30 | भारत में समाजशास्त्र के अध्ययन की कोई चार आवश्यकताए बताईये ?<br><br>**Mention any four requirements of studying sociology in India?**<br><br>अथवा<br><br>समाजशास्त्र के जन्म व विकास में सहयोगी प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिये।<br><br>**Describe the major events that contributed to the birth and development of sociology?** | 1+1+1+1 |


Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | 1. भारत में व्याप्त क्षेत्रवाद, भाषावाद, सम्प्रदायवाद, जातिवाद आदि समस्याओ को सही ढंग से हल करने हेतु समाजशास्त्रीय अध्ययन आवश्यक है<br>2. दूसरे समाजों से तुलनात्मक अध्ययन हेतु<br>3. सामाजिक गतिशीलता के बारे में पता लगाने हेतु<br>4. सामाजिक परिवर्तन तथा सामाजिक संस्थाओ को समझने हेतु<br><br>1. Sociological study is necessary to properly solve the problems of regionalism, linguism, communalism, casteism etc. prevalent in India.<br>2. For comparative study with other societies.<br>3. To find out about social mobility.<br>4. To understand social change and social institutions | |
| 31 | आधुनिक समाजों की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताएँ कौन कौनसी हैं ? उल्लेख कीजिए।<br><br>What are the important features of the economy of modern societies?<br><br>अथवा<br><br>ग्रामीण समाजों की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताएँ कौन कौनसी हैं ? उल्लेख कीजिए।<br><br>What are the important features of the economy of Rural societies? | 1+1+1+1 |


Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | आधुनिक समाजों की अर्थव्यवस्था की अनेक महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं:<br>- अत्याधिक जटिल श्रम में विभाजन<br>- कार्य के स्थान में परिवर्तन<br>- औद्योगिक प्रौद्योगिकी में विकास<br>- पूँजीपति उद्योगपतियों के कारखाने<br>- विशिष्ट कार्य के अनुसार वेतन<br>- प्रबंधक द्वारा कार्यो का निरीक्षण<br>- श्रमिक की उत्पादकता बढ़ाना और अनुशासन बनाए रखना<br>- परस्पर अर्थव्यवस्था का असीमित विस्तार<br>(कोई भी चार )<br>There are several important features of the economy of modern societies:<br>- highly complex division of labour<br>- Change in place of work<br>- Developments in industrial technology<br>- Factories of capitalist industrialists<br>- Salary according to specific work<br>- Inspection of works by the manager<br>- Increasing worker productivity and maintaining discipline<br>- Unlimited expansion of the interconnected economy<br>(any Four) | 1<br>1<br>1<br>1 |
| 32 | समाजीकरण किसे कहते है ? समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण बताईये ।<br>What is socialization? Mention the main agencies of socialization. | 1+3 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा समाज का सदस्य बनना सीखते हैं। यह जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है।<br>समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण -<br>- परिवार<br>- समकक्ष, समूह मित्र या क्रीड़ा समूह<br>- विद्यालय<br>- जनमाध्यम | 1 |
| | समाजीकरण की प्रक्रिया एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें अनेक संस्थाओं या अभिकरणों का योगदान होता है समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण इस प्रकार हैं।<br>1. परिवार - समाजीकरण करने वाली संस्था या अभिकरण के रूप में परिवार का महत्व वास्तव में असाधारण है। बच्चा पहले परिवार में जन्म लेता है, और इस रूप में वह परिवार की सदस्यता ग्रहण करता है।<br>2. समकक्ष, समूह मित्र या क्रीडा समूह : बच्चों के मित्र या उनके साथ खेलने वाले समूह भी एक महत्वपूर्ण प्राथमिक समूह होते हैं। इस कारण बच्चों के समाजीकरण की प्रक्रिया में इनका अत्यंत प्रभावशाली स्थान होता है।<br>3. विद्यालय : विद्यालय एक औपचारिक संगठन है। औपचारिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों को सिखाने के लिए कुछ अप्रत्यक्ष पाठ्यक्रम भी होता है।<br>4. जन माध्यम : जन माध्यम हमारे दैनिक का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और मुद्रण माध्यम का महत्व भी लगातार बना हुआ है। जन माध्यमों के द्वारा सूचना ज्यादा लोकतांत्रिक ढंग से पहुँचाई जा सकती है।<br><br>Socialization is the process by which one learns to become a member of society. This is a life long process.<br>Major agencies of socialization -<br>- Family<br>- peer group, friend group or play group<br>- School<br>- Public medium<br><br>1. Family – The importance of family as a socializing institution or agency is truly extraordinary. The child is first born into a family, and as such he assumes membership of the family.<br>2. Peer, group friends or play group: Children's friends or play groups are also an important primary group. For this reason, they have a very influential place in the process of socialization of children.<br>3. School: School is a formal organization. Along with the formal curriculum, there is also some indirect curriculum to teach the children.<br>4. Mass media: Mass media have become an essential part of our daily life. The importance of electronic medium and print medium also remains constant. Information can be delivered in a more democratic manner through mass media. | 3 |

Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 33 | वैश्विक तापमान वृद्धि क्या है ?  पर्यावरण प्रदूषण के प्रमुख प्रकार समझाईये ।<br><br>What is global warming? Explain the main types of environmental pollution. | 1 + 3 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | **वैश्विक तापमान वृद्धि** – वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण हमारा पर्यावरण उलट पलट हो गया है, धरती का तापमान दिनोदिन बढता जा रहा है जिससे अधिक गर्मी होती जा रही है, जिसके कारण ध्रुवों की बर्फ पिघलनें लगी है जिसने महासागरों के जलस्तर में बढोतरी कर दी है समुद्रों के किनारे बसे अनेक नगरों व द्वीपों के डूबने की समस्या उत्पन्न होने वाली है।<br>मुख्य प्रकार -<br>• वायु प्रदूषण<br>• जल प्रदूषण<br>• भूमि प्रदूषण<br>• ध्वनि प्रदूषण<br>• परमाणु प्रदूषण<br><br>• वायु प्रदूषण - उद्योगो तथा वाहनों से निकलने वाली जहरीली गैसे तथा घरेलू उपयोग के लिए लकड़ी तथा कोयले को जलाने से।<br>• जल प्रदूषण घरेलू नालियाँ, फैक्ट्री से निकलने वाले व्यर्थ पदार्थ, नदियों तथा जलाशयों में नहाना तथा कूड़ा कर्कट डालना।<br>• ध्वनि प्रदूषण लाउडस्पीकर, वाहनों के हार्न, यातायात के साधनों का शोर, मनोरंजन के साधनों से निकलने वाली आवाजें, पटाखे आदि।<br>• भूमि प्रदूषण खेतों में कीटनाशक दवाओं, रसायनिक खादों का प्रयोग, शहरी कूड़ा कर्कट, सीवरेज, तेजाबी वर्षा से रसायनिक पदार्थो का मिट्टी में मिलना।<br>• परमाणु प्रदूषण - परमाणु परीक्षण से निकलने वाली किरणें।<br><br>**Global warming** - Due to global temperature increase, our environment has turned upside down, the temperature of the earth is increasing day by day due to which there is more heat, due to which the ice of the poles has started melting, which has increased the water level of the oceans along the seas. The problem of drowning of many inhabited cities and islands is going to arise .<br><br>main types –<br>• air pollution<br>• Water Pollution<br>• land pollution<br>• Noise pollution<br>• atom pollution | 1<br><br>3 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 34 | सामाजिक तथ्य क्या है ? दुर्खीम के अनुसार यांत्रिक एवम सावयवी एकता में अंतर समझाईये ।<br>**What is social fact? According to Durkheim, explain the difference between mechanical and organic unity.** | 1 + 3 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | **सामाजिक तथ्य** - (social facts) उन मूल्यों, सांस्कृतिक मानकों )norms), तथा सामाजिक संरचनाओं को कहते हैं जो व्यक्ति को परिवर्तित करते हैं और उसके ऊपर सामाजिक बन्धन अध्यारोपित करते हैं।<br>दुर्खीम सामाजिक तथ्य को एक ऐसा तथ्य मानते हैं, जो वस्तुनिष्ठ होता है, और इसका निरिक्षण हम सभी वस्तु के रूप में कर सकते हैं। इसलिए सामाजिक तथ्य को एक वस्तु, एक चीज, एक भौतिक पदार्थ के रूप में देखा है और जिस प्रकार एक भौतिक पदार्थ का अध्ययन भौतिकी में किया जाता है, उसी प्रकार का अध्ययन सामाजशास्त्र सामाजिक तथ्य का अध्ययन करते हैं। | 1 |
| | **1. यांत्रिक एकता –** यांत्रिक एकता आदिम समाजों में अथवा सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से पिछड़े हुए समाजों में पायी जाती है। इन समाजों में विभेदीकरण अर्थात् कार्यों का वितरण न के बराबर होता है तथा केवल लिंग और आयु के आधार पर ही कार्यों में थोड़ा-बहुत विभेदीकरण पाया जाता है। सामूहिक चेतना (Collective conscience) द्वारा,सभी व्यक्ति एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं तथा इस सामूहिक चेतना को बनाए रखना सभी व्यक्ति अपना परम कर्तव्य मानते. हैं। यांत्रिक एकता वह एकता है जो कि व्यक्तियों द्वारा एक जैसे कार्यों के कारण आती है। अर्थात् जो समरूपता (Likeness) का परिणाम है यह एक सरल प्रकार की एकता है जो दमनकारी कानून द्वारा बनाए रखी जाती है।<br><br>**2. सावयवी एकता –** सावयवी एकता असमानताओं से विकसित होती है। इसका प्रमुख आधार श्रम-विभाजन है। यह एकता आधुनिक समाज की प्रमुख विशेषता मानी जाती है। दुर्खीम का कहना है कि जैसे-जैसे समाज की जनसंख्या का घनत्व तथा आयतन बढ़ता जाता है वैसे-वैसे व्यक्तियों की आवश्यकताएँ भी बढ़ती जाती हैं। इन बढ़ती हुई आवश्यकताओं के कारण व्यक्तियों के कार्यों में भिन्नता आती है तथा इसके साथ ही इनमें विशेषीकरण बढ़ता है अर्थात् श्रम-विभाजन की वृद्धि होती है। उस एकता को, जो कि कार्यों की भिन्नता द्वारा विशेषीकरण (अर्थात् श्रम-विभाजन) और इसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों की अन्योन्याश्रितता के कारण आती हैं, दुर्वीम सावयवी एकता कहते हैं। सावयवी एकता की पुष्टि क्षतिपूरक कानून द्वारा होती है।<br><br>'यांत्रिक' और 'सावयवी' एकता में निम्नलिखित अंतर पाए जाते हैं-<br>• यांत्रिक एकता समानताओं पर आधारित होती है, जबकि सावयवी असमानताओं अर्थात् श्रम-विभाज़न पर आधारित होती है।<br>• यांत्रिक एकता सरल समाजों में पायी जाती है, जबकि सावयवी एकता आधुनिक समाजों को प्रमुख लक्षण है।<br>• यांत्रिक एकता बनाए रखने में दमनकारी कानून की प्रमुख भूमिका होती है, जबकि सावयवी एकता बनाए रखने में क्षतिपूरक कानून की।<br>• यांत्रिक एकता का प्रारूप खंडात्मक होता है, जबकि सावयवी एकता का संगठित।<br>• यांत्रिक एकता जनसंख्या के सापेक्षिक रूप से कम घनत्व वाले समाजों में पायी जाती है, जबकि सावयवी एकता जनसंख्या में घनत्व की ऊँची मात्रा | 3 |

Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 35 | ए.आर. देसाई अनुसार कल्याणकारी राज्य की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।<br><br>**According to Desai, describe the main features of a welfare state.** | 4 |
| उत्तर | कल्याणकारी राज्य की विशेषताएँ :<br>• कल्याणकारी राज्य एक सकारात्मक राज्य होता है।<br>• कल्याणकारी राज्य केवल न्यूनतम कार्य ही नहीं करता जो कानून तथा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक होते है।<br>• यह हस्तक्षेपीय राज्य होता है और समाज की बेहतरी के लिए सामाजिक नीतियों को लागू करने के लिए अपनी शक्तियों का प्रयोग करता है।<br>• यह एक लोकतांत्रिक राज्य होता है।<br>• लोकतंत्र की एक अनिवार्य दशा होती है।<br>• औपचारिक लोकतांत्रिक संस्थाओं बहुपार्टी चुनाव विशेषता समझी जाती है।<br>• इसकी अर्थव्यवस्था मिश्रित है।<br>• मिश्रित अर्थव्यवस्था ऐसी अर्थव्यवस्था है जहाँ निजी पूँजीवादी कंपनियाँ तथा राज्य दोनों साथ-साथ काम करती हैं।<br>• कल्याणकारी राज्य न तो पूँजीवादी बाजार को खत्म करता है और न ही यह जनता को निवेश करने से रोकता है।<br>(कोई भी चार का वर्णन)<br><br>Features of welfare state:<br>• A welfare state is a positive state.<br>• The welfare state does not merely perform the minimum functions that are necessary to maintain law and order.<br>• It is an interventionist state and uses its powers to implement social policies for the betterment of the society.<br>• It is an essential condition of democracy.<br>• Formal democratic institutions are considered to be characterized by multi-party elections.<br>• Its economy is mixed.<br>• Mixed economy is an economy where both private capitalist companies and the state work together.<br>• The welfare state neither eliminates the capitalist market nor does it prevent the public from investing.<br>(Describe any four) | 1<br>1<br>1<br>1 |
| | भाग – 4<br>**Section – D** | |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| | प्रश्न संख्या 36 से 38 दीर्घ उत्तरात्मक है इनका मूल्यांकन परीक्षक स्वयं के विवेक के आधार पर करें -<br>Question numbers 36 to 38 are long answer type and should be evaluated at the discretion of the examiner. | |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 36 | वे सभी समूह जिनसे हम संबंधित होते हैं हमारे लिए समान रूप से महत्त्वपूर्ण नहीं होते हैं। कुछ समूह हमारे जीवन के कई पक्षों को प्रभावित करते हैं और हमें दूसरों के वैयक्तिक साहचर्य में लाते हैं। 'प्राथमिक समूह' से तात्पर्य लोगों के एक छोटे समूह से है जो घनिष्ठ, आमने-सामने के मेल-मिलाप और सहयोग द्वारा जुड़े होते हैं। प्राथमिक समूहों के सदस्यों में एक-दूसरे से संबंधित होने की भावना होती है। परिवार, ग्राम और मित्रों के समूह प्राथमिक समूहों के उदाहरण हैं।<br>द्वितीयक समूह आकार में अपेक्षाकृत बड़े होते हैं और उनमें औपचारिक और अवैयक्तिक संबंध होते हैं। प्राथमिक समूह व्यक्ति उन्मुख होते हैं, जबकि द्वितीयक समूह लक्ष्य उन्मुख। विद्यालय, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, छात्र संघ आदि द्वितीयक समूहों के उदाहरण हैं।<br>पुराने परंपरागत और कृषक जीवन की नए आधुनिक और शहरी जीवन से उनके विभिन्न सामाजिक संबंधों और जीवन-शैली के आधार पर तुलना करने का विचार शास्त्रीय समाजशास्त्रियों के लेखन की ओर ले जाता है। समुदाय से तात्पर्य उन मानव संबंधों से है जो बहुत अधिक वैयक्तिक, घनिष्ठ और चिरस्थायी होते हैं, जहाँ एक व्यक्ति की भागीदारी सच्चे मित्रों अथवा एक सुगठित समूह में भले ही परिवार जितनी नहीं परंतु महत्त्वपूर्ण होती है।<br>समाज अथवा संघ का तात्पर्य हर तरह से समुदाय के विपरीत है विशेषतः आधुनिक नगरीय जीवन के स्पष्टतः अवैयक्तिक, बाहरी और अस्थायी संबंध। वाणिज्य और उद्योग की आवश्यकता यह है कि एक व्यक्ति का व्यवहार दूसरे व्यक्ति से नपा-तुला, युक्तिसंगत एवं निजी हितों के अनुसार हो। हम एक-दूसरे को जानने की अपेक्षा करार अथवा समझौता करते हैं। आप समुदाय और प्राथमिक समूह को समान मान सकते हैं और संघ व द्वितीयक समूह को समतुल्य मान सकते हैं।<br>संबंधित होने की भावना अंतः समूह की पहचान बनाती हैं। यह भावना हमें या हम को उन्हें अथवा वे से अलग करती हैं। एक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे, उस स्कूल में नहीं पढ़ने वाले बच्चों के विरुद्ध एक अंतः समूह बना सकते हैं। क्या आप ऐसे किन्हीं दूसरे समूहों के बारे में सोच सकते हैं इसके विपरीत एक बाह्य समूह वह होता है जिससे एक अंतः समूह के सदस्य संबंधित नहीं होते। एक बाह्य समूह के सदस्यों को अंतः समूह के सदस्यों की ओर से प्रतिकूल व्यवहार का सामना करना पड़ सकता है। प्रवासियों को अकसर बाह्य समूह माना जाता है। हालाँकि यहाँ भी कौन संबंधित है और कौन संबंधित नहीं की वास्तविक परिभाषा समय और सामाजिक संदर्भों के साथ बदलती रहती है।<br><br>1. प्राथमिक समूह किसे कहते है ?<br>2. समुदाय क्या है ?<br>3. अन्तः समूह की पहचान कैसे बनती है ?<br>4. संघ को किसके समान माना जा सकता है ?<br>5. बाह्य समूह के उदाहरण बताइयें ?<br>6. समुदाय को किसके समान माना जा सकता है ? | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| | Not all the groups to which we belong are equally important to us. Some groups influence many aspects of our lives and bring us into personal association with others. 'Primary group' refers to a small group of people who are linked by close, face-to-face interaction and cooperation. Members of primary groups have a sense of belonging to each other. Family, village and group of friends are examples of primary groups.<br>Secondary groups are relatively larger in size and have formal and impersonal relationships. Primary groups are person oriented, while secondary groups are goal oriented. Schools, government offices, hospitals, student unions etc. are examples of secondary groups.<br>The idea of comparing the old traditional and agrarian life with the new modern and urban life on the basis of their different social relations and life-styles leads to the writings of classical sociologists. Community refers to those human relationships that are highly personal, intimate and enduring, where a person's participation in true friends or a close-knit group, although not as important as a family, is important.<br>The meaning of society or association is in every way the opposite of community, especially the obviously impersonal, external and temporary relations of modern urban life. The need of commerce and industry is that the behavior of one person with another should be measured, rational and according to personal interests. Instead of getting to know each other, we make agreements or compromises. You can consider community and primary group as equivalent and association and secondary group as equivalent.<br>The feeling of belonging creates in-group identity. This feeling separates us or us from them or them. Children studying in a school may form an in-group against children not studying in that school. Can you think of any other such groups? In contrast, an outgroup is one to which members of an ingroup do not belong. Members of an out-group may face adverse behavior from in-group members. Immigrants are often considered an out-group. However, here too the actual definition of who does and does not belong varies over time and social contexts.<br><br>1. What is called primary group?<br>2. What is community?<br>3. How is in-group identity formed?<br>4. What can the Sangh be considered similar to?<br>5. Give examples of outgroup?<br>6. What can the community be considered equal to? | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | 1. 'प्राथमिक समूह' से तात्पर्य लोगों के एक छोटे समूह से है जो घनिष्ठ, आमने-सामने के मेल-मिलाप और सहयोग द्वारा जुड़े होते हैं।<br>2. समुदाय से तात्पर्य उन मानव संबंधों से है जो बहुत अधिक वैयक्तिक, घनिष्ठ और चिरस्थायी होते हैं, जहाँ एक व्यक्ति की भागीदारी सच्चे मित्रों अथवा एक सुगठित समूह में भले ही परिवार जितनी नहीं परंतु महत्त्वपूर्ण होती है।<br>3. संबंधित होने की भावना अंतः समूह की पहचान बनाती हैं।<br>4. द्वितीयक समूह के<br>5. उसका परिवार, उसका राज्य, उसका खेल समूह<br>6. प्राथमिक समूह के<br><br>1. 'Primary group' means a small group of people who are linked by close, face-to-face interaction and cooperation.<br>2. Community refers to those human relationships that are highly personal, intimate and enduring, where a person's participation in true friends or a close-knit group, though not as important as a family, is important.<br>3. Feeling of belonging creates in-group identity.<br>4. Secondary group<br>5. His family, his kingdom, his sports team<br>6. Primary group | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 37 | सहयोग किसे कहते है ? श्रम विभाजन को समझाइएं।<br>अथवा<br>टिप्पणी करें –<br>**1.** सहयोग और संघर्ष<br>**2.** यांत्रिक एवं सावयवी एकता<br>**3.** पूंजीवाद<br><br>**What is cooperation? Explain division of labour.**<br>**Or**<br>**Make a comment -**<br>**1. Cooperation and conflict**<br>**2. Mechanical and organic unity**<br>**3. Capitalism** | 2 + 4<br><br>2+2+2 |



Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | सहयोग : सामान्य उद्देश्य की प्राप्ति के लिए मिलकर किया गया कार्य जैसे पारिवारिक कार्यों में हाथ बंटाना, राष्ट्र विपत्ति में जनता का सरकार को साथ देना।<br><br>सहयोग का विचार मानव व्यवहार की कुछ मान्यताओं पर आधारित है :<br><br>* मनुष्य के सहयोग के बिना मानव जाति के लिए अस्तित्व कठिन हो जाएगा।<br><br>* जानवरों की दुनिया में भी हम सहयोग के प्रमाण देख सकते हैं।<br><br>दुर्खाइम के अनुसार, एकता समाज का नैतिक बल है, तथा यह सहयोग और इस तरह समाज कि प्रकार्यो को समझने के लिए बुनियादी अवयव है। | 2 |
| | श्रम विभाजन - की अवधारणा एडम स्मिथ द्वारा पेश की गई थी। श्रम का विभाजन कार्यों के विभाजन को संदर्भित करता है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति उत्पादन प्रक्रिया के एक विशिष्ट भाग पर ध्यान केंद्रित करता है। इसे मूलतः 1776 में एडम स्मिथ ने अपनी पुस्तक 'ए वेल्थ ऑफ नेशंस' में गढ़ा था।<br>किसी बड़े कार्य को छोटे-छोटे तर्कसंगत टुकड़ों में बाँटककर हर भाग को करने के लिये अलग-अलग लोग निर्धारित किये जाते हैं तो इसे Division of labour या विशिष्टीकरण (salization) कहते हैं। श्रम विभाजन बड़े कार्य को दक्षता पूर्वक करने में सहायक होता है। ऐतिहासिक रूप से श्रम-विभाजन व्यापार की वृद्धि, सम्पूर्ण आउटपुट की वृद्धि, पूंजीवाद का उदय तथा औद्योगीकरण की जटिलता में वृद्धि से जुड़ा रहा है। परिष्कृत होकर धीरे-धीरे श्रम-विभाजन वैज्ञानिक प्रबन्धन के स्तर तक जा पहुँचा। मोटे तौर पर यह कार्यकारी-समाज है जिसके अलग-अलग भाग भिन्न-भिन्न काम करते हैं। जैसे- कुछ लोग कृषि करते हैं और कुछ लोग हलवाई करते हैं। भारत की वर्णाश्रम व्यवस्था मूलत: श्रम-विभाजन का ही रूप है।<br><br>**Cooperation: Work done together to achieve a common objective, such as helping in family work, people supporting the government in times of national distress.**<br><br>**The idea of cooperation is based on some assumptions of human behavior:**<br><br>*** Without the cooperation of humans, survival will become difficult for mankind.**<br><br>*** We can see evidence of cooperation in the animal world also.**<br><br>**According to Durkheim, solidarity is the moral force of society, and it is fundamental to understanding cooperation and thus the functioning of society.**<br><br>**The concept of division of labor was introduced by Adam Smith. Division of labor refers to the division of tasks, with each person focusing on a specific part of the production process. It was originally coined by Adam Smith in 1776 in his book 'A Wealth of Nations'.**<br>**By dividing a big work into small logical pieces and different people are assigned to do each part, it is called division of labor or specialization. Division of labor helps in doing big work efficiently. Historically, the** | 4 |


Downloaded from www.cclchapter.com

| | | |
|---|---|---|
| 38 | नगरीय क्षेत्रों की सामाजिक व्यवस्था तथा उसमें हुए सामाजिक परिवर्तनों का वर्णन करें।<br><br>अथवा<br><br>टिप्पणी करें –<br>1. मॉस ट्रांजिट<br>2. घेटोकरण<br>3. गेटेड समुदाय<br><br>**Describe the social system of urban areas and the social changes taking place in it.**<br><br>**Or**<br><br>**Make a comment -**<br>**1. Mass transit**<br>**2. Ghettoization**<br>**3. Gated Community** | 2 + 4<br><br><br><br>2 + 2 + 2 |



Downloaded from www.cclchapter.com

उत्तर

**नगरीय समाज** - जिस बड़े क्षेत्र में अधिकाँश व्यक्ति गैर कृषि व्यवसायों से आजीविका उपार्जित करते हैं तथा जिनके बीच औपचारिकता प्रतिस्पर्द्धा तथा द्वितीयक सम्बन्धों की प्रधानता होती है, उसी को नगरीय समाज कहा जाता है। 2

**नगरीय क्षेत्र और सामाजिक परिवर्तन :**

- प्राचीन नगर अर्थव्यवस्था को सहारा देते थे। उदाहरण- जो नगर पत्तन और बंदरगाहों के किनारे बसे थे व्यापार की दृष्टि से लाभ की स्थिति में थे।
- धार्मिक स्थल जैसे राजस्थान में अजमेर, उत्तरप्रदेश में वाराणसी अधिक प्रसिद्ध थे। 4
- जनसंख्या का घनत्व अधिक होने से निम्नलिखित समस्याएं उत्पन्न होती हैं - अप्रवास, बेरोजगारी, अपराध, जनस्वास्थ्य, गंदी बस्तियाँ, गंदगी, (सफाई, पानी, बिजली का अभाव), प्रदूषण।
- नगरीय परिवहन - सरकारी परिवहनों की बजाय निजी संसाधनों का प्रयोग जिससे ट्रैफिक तथा प्रदूषण की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। पृथक्कीकरण यह एक प्रक्रिया है जिसमें समूह, प्रजाति, नृजाति, धर्म तथा अन्य कारकों द्वारा विभाजन होता है।
- घैटोकरण या बस्तीकरण समान्यतः यह शब्द मध्य यूरोपीय शहरों में यहूदियों की बस्ती के लिए प्रयोग किया जाता है। आज के सन्दर्भ में यह विशिष्ट धर्म, नृजाति, जाति या समान पहचान वाले लोगों के साथ रहनें को दिखाता है। घैटोकरण की प्रक्रिया में मिश्रित विशेषताओं वाले पड़ोस के स्थान पर एक समुदाय पड़ोस में बदलाव का होना है।
- मॉस ट्रांजिट - शहरों में आवागमन का साधन जिसमें बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना होता हैं जैसे मैट्रो।
- शिक्षा और व्यवसाय के अधिक अवसर, निश्चित आमदनी और सुरक्षित भविष्य आदि के कारण नगरीय समाज के सदस्य तुलनात्मक रूप में अधिक व्यक्तिवादी होते हैं। यही कारण है कि उनमें सामुदायिक भावना भी कम पाई जाती है।

**Urban Society - The large area in which most of the people earn livelihood from non-agricultural occupations and among which formality, competition and secondary relations predominate, is called urban society.**

**Urban areas and social change:**

- **Ancient cities supported the economy. Example: The cities which were situated on the banks of ports and harbors were in a profitable position from the point of view of trade.**
- **Religious places like Ajmer in Rajasthan and Varanasi in Uttar Pradesh were more famous.**
- **Due to high density of population the following problems arise – immigration, unemployment, crime, public health, slums, filth, (lack of cleanliness, water, electricity), pollution.**
- **Urban transport – use of private resources instead of government transport, which creates problems of traffic and**



Downloaded from www.cclchapter.com

Downloaded from www.cclchapter.com